**कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड**
**भारत सरकार का उद्यम**
एक मिनिरत्न कंपनी, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

## रिक्ति अधिसूचना संदर्भ सं. पीएण्डए/18 (125)/19 खंड II दिनांक 16 नवंबर 2020

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), भारत सरकार की एक सूचीबद्ध प्रीमियर मिनिरत्न कंपनी, निम्नलिखित शाखाओं पर **अनुबंध आधार पर वरिष्ठ परियोजना अधिकारी/ परियोजना अधिकारी** की नियुक्ति केलिए योग्यता अपेक्षाओं को पूरा करने वाले उम्मीदवारों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करता हैं-

### I. शाखा, रिक्तियों की संख्या, आरक्षण, शैक्षिक योग्यता और अनुभव :

| क्र. सं. | शाखा | रिक्तियों की संख्या और आरक्षण | शैक्षिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| **(क)** | **अनुबंध आधार पर वरिष्ठ परियोजना अधिकारी** | | | |
| 1. | मेकानिकल | 4 पद<br>(1 अनारक्षित,<br>1 ईडब्ल्यूएस,<br>1 अ.पि.व.,<br>1 अ जा*) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकानिकल इंजीनियरिंग में उपाधि। | योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण/ पोत मरम्मत कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी कंपनी या<br>• पत्तन या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनी /स्थापना<br>में कम से कम 4 वर्षों का अनुभव/ प्रशिक्षण।<br>कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव एवं निपुणता लाभप्रद होगा। |
| 2. | इलेक्ट्रिकल | 2 पद<br>(1 अनारक्षित,<br>1 ईडब्ल्यूएस) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में उपाधि। | योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण/ पोत मरम्मत कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी कंपनी या<br>• पत्तन या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनी /स्थापना<br>में कम से कम 4 वर्षों का अनुभव/ प्रशिक्षण।<br>कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव एवं निपुणता लाभप्रद होगा। |

| क्र. सं. | शाखा | रिक्तियों की संख्या और आरक्षण | शैक्षिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 3. | इलेक्ट्रॉनिकस | 1 पद (अनारक्षित) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रॉनिकस इंजीनियरिंग में उपाधि। | योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण/ पोत मरम्मत कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी कंपनी या<br>• पत्तन या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनी /स्थापना<br>में कम से कम 4 वर्षों का अनुभव/ प्रशिक्षण।<br><br>कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव एवं निपुणता लाभप्रद होगा। |
| 4. | इंस्ट्रूमेंटेशन | 1 पद (अनारक्षित) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में उपाधि। | योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण/ पोत मरम्मत कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी कंपनी या<br>• पत्तन या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनी /स्थापना<br>में कम से कम 4 वर्षों का अनुभव/ प्रशिक्षण।<br><br>कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव एवं निपुणता लाभप्रद होगा। |
| 5. | सिविल | 4 पद (3 अनारक्षित, 1 अ जा) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंको के साथ सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि। | योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• शिपयार्ड या<br>• पत्तन या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सिविल या अवसंरचना निर्माण कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनी /स्थापना<br>में कम से कम 4 वर्षों का अनुभव/ प्रशिक्षण।<br><br>कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव एवं निपुणता लाभप्रद होगा। |
| **कुल (क)** | | **12 पद (7 अनारक्षित, 2 ईडब्ल्यूएस, 1 अ.पि.व, 2 अ.जा )** | | |

| क्र. सं. | शाखा | रिक्तियों की संख्या और आरक्षण | शैक्षिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| **(ख)** | **अनुबंध आधार पर परियोजना अधिकारी** | | | |
| 1. | मेकानिकल | 13 पद<br>(7 अनारक्षित,<br>4 अ.पि.व.,<br>1 अ.जा<br>1 अ.ज.जा) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मेकानिकल इंजीनियरिंग में उपाधि। | योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण/ पोत मरम्मत कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी कंपनी या<br>• पत्तन या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनी /स्थापना<br>में कम से कम 2 वर्षों का अनुभव/ प्रशिक्षण।<br>कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव एवं निपुणता लाभप्रद होगा। |
| 2. | इलेक्ट्रिकल | 6 पद<br>(3 अनारक्षित,<br>2 अ.पि.व.,<br>1 अ.जा) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में उपाधि। | योग्यता प्राप्त करने के बाद<br>• पोत निर्माण/ पोत मरम्मत कंपनी या<br>• समुद्री संबंधी कंपनी या<br>• पत्तन या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनी /स्थापना<br>में कम से कम 2 वर्षों का अनुभव/ प्रशिक्षण।<br>कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव एवं निपुणता लाभप्रद होगा। |
| **कुल (ख)** | | **19 पद (10 अनारक्षित, 6 अ.पि.व, 2 अ.जा, 1 अ.ज.जा)** | | |
| **कुल योग (क +ख)** | | **31 पद (17 अनारक्षित, 7 अ.पि.व, 2 ईडब्ल्यूएस, 4 अ.जा, 1 अ.ज.जा)** | | |

* बैकलॉग रिक्ति

## II. अनुबंध की अवधि और तैनाती का स्थान :

क) उपर्युक्त सभी पदों का स्वरूप अस्थायी होगा और इसकी अवधि अधिकतम तीन वर्षों की होगी और यह परियोजना की आवश्यकताओं के आधार पर होगी। अनुबंध का विस्तार समय-समय पर मूल्यांकित व्यक्तिगत निष्पादन के आधार पर होगा।

ख) सीएसएल द्वारा वांछितानुसार, सीएसएल / अन्य सीएसएल यूनिट/ परियोजना साइटों पर तैनाती की जाएगी।

## III. पारिश्रमिक:

पदों केलिए पारिश्रमिक विवरण निम्नानुसार है :

| पद का नाम | ठेके की अवधि | समेकित वेतन (प्रति महीने) | कार्य के अतिरिक्त घंटे केलिए मुआवज़ा (प्रति महीने) |
|---|---|---|---|
| अनुबंध आधार पर वरिष्ठ परियोजना अधिकारी | प्रथम वर्ष | ₹ 47000/- | ₹ 3000/- |
| | द्वितीय वर्ष | ₹ 48000/- | |
| | तृतीय वर्ष | ₹ 50000/- | |
| अनुबंध आधार पर परियोजना अधिकारी | प्रथम वर्ष | ₹ 37000/- | ₹ 3000/- |
| | द्वितीय वर्ष | ₹ 38000/- | |
| | तृतीय वर्ष | ₹ 40000/- | |

## IV. आयु:

क) अनुबंध आधार पर वरिष्ठ परियोजना अधिकारी के पदों केलिए **आयु दि. 03 दिसंबर 2020 को 35 वर्ष से अधिक नहीं** होनी चाहिए । आरक्षित पदों पर अ.पि.व (गैर क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों केलिए 3 साल और अ जा उम्मीदवारों केलिए अधिकतम आयु सीमा में 5 साल की छूट दी जाएगी।

ख) अनुबंध आधार पर परियोजना अधिकारी के पदों केलिए **आयु दि. 03 दिसंबर 2020 को 30 वर्ष से अधिक नहीं** होनी चाहिए । आरक्षित पदों पर अ.पि.व (गैर क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों केलिए 3 साल और अ जा/ अ ज जा उम्मीदवारों केलिए अधिकतम आयु सीमा में 5 साल की छूट दी जाएगी।

ग) बेंचमार्क दिव्यांगजन व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) केलिए आयु में छूट भारत सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार दी जाएगी। फिर भी, किसी भी मामले में, आयु में सभी छूट देने के बाद परियोजना अधिकारी केलिए अधिकतम आयु सीमा 45 और वरिष्ठ परियोजना अधिकारी केलिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष से अधिक न हो।

## V. चयन की रीति:

क) सभी पदों केलिए चयन की रीति **वैयक्तिक साक्षात्कार** के ज़रिए होगी। अंतिम रूप के चयन केलिए निम्नलिखित मापदंडों का वेटेज नियत किया गया है :

- कार्य अनुभव - 80% वेटेज
- वैयक्तिक साक्षात्कार - 20% वेटेज

**कुल** - **100 अंक**

ख) कोविड-19 महामारी के कारण चयन की प्रक्रिया कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, कोच्ची में या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़रिए वैयक्तिक साक्षात्कार के द्वारा होगी।

ग) अधिसूचित पद पर अनुभव की प्रासंगिकता के आधार पर कार्य अनुभव केलिए अंक प्रदान किया जाएगा।

घ) पद केलिए पात्रता अपेक्षाओं के आधार पर लघुसूचीगत उम्मीदवार को वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति होगी।

ड) फिर भी सीएसएल अपने विवेकाधिकार पर अंतिम चयन में उत्तीर्ण होने हेतु न्यूनतम अंक तय करने का अधिकार रखता है ।

**VI. शर्तें :**

**क) आरक्षण**

i) अ.जा/ अ.ज.जा/अ.पि.व/अ.पि.व(अल्पसंख्यक) /ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी /भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम) उम्मीदवारों को लागू आरक्षण पर भारत सरकार के निदेशों को लागू करेंगे, जो योग्यता अपेक्षाओं को पूरा करने के अधीन है ।

ii) पीडब्ल्यूबीडी व्यक्तियों के मामले में दिव्यांगजता की मात्रा न्यूनतम 40% होना चाहिए। दिव्यांगजन व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2017 के अनुसार, उम्मीदवारों के पास दिव्यांगजता के प्रमाण में भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकरण से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त *वैध अशक्तता प्रमाणपत्र* होना चाहिए।

iii) यदि आवेदक अ जा/ अ.ज.जा या अ. पि. व (गैर क्रीमी लेयर) का है तो उसे राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी *वैध अद्यतन समुदाय प्रमाणपत्र* प्रस्तुत करना चाहिए जो तहसीलदार के पद से कम न हो, ऐसे प्रमाणपत्र के बिना उनकी उम्मीदवारी संबंधित श्रेणियों में विचार नहीं किया जाएगा।

iv) ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को किसी भी निम्न प्राधिकारी द्वारा जारी *वैध आय और संपत्ति प्रमाणपत्र* निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए । यह प्रमाणपत्र ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवार के दावे के प्रमाण के रूप में ही स्वीकार किया जाएगा, जिसे चूकने पर उनकी उम्मीदवारी को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण की ओर नहीं माना जाएगा :-

- जिला मजिस्ट्रेट/ अपर जिला मजिस्ट्रेट/ कलेक्टर/ उपायुक्त/ अपर उपायुक्त/ प्रथम श्रेणी वजीफा मजिस्ट्रेट/ उप-विभागीय मजिस्ट्रेट/ तालुक मजिस्ट्रेट/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त सहायक आयुक्त।
- मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट /अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट /प्रेसीडेसी मजिस्ट्रेट
- राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के पद से नीचे का ना हो
- उप-विभागीय अधिकारी या वह क्षेत्र जहां उम्मीदवार और/ या उसका परिवार सामान्यतया रहता हो।

**ख. योग्यता**

i) पद केलिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता ए आई सी टी ई / भारत / राज्य/ केंद्र सरकार में उचित सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान/ परीक्षा बोर्ड से होना चाहिए।

ii) जिन आवेदकों के पास निर्धारित योग्यताओं में से किसी के समतुल्य योग्यता है वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी तुल्यता प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत होना चाहिए। ऐसे प्रमाणपत्र के बिना, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं की जाएगी।

iii) आवेदकों को पदों केलिए प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन में योग्यता परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त अंको के ठीक प्रतिशत को भरना आवश्यक है। कुछ विश्वविद्यालय/ संस्थान / परीक्षा बोर्ड श्रेणी या अंक की प्रतिशतता न देकर कुल ग्रेड पोइन्ट (उदा : सीजीपीए / ओजीपीए/ सीपीआई आदि) देते हैं। विश्वविद्यालय /संस्थान/ परीक्षा बोर्ड उम्मीदवारों की अंक सूची में कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक निर्धारित करने के मामले में वही स्वीकार किया जाएगा। फिर भी जहाँ विश्वविद्यालय /संस्थान/ परीक्षा बोर्ड कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक प्रदान की गई नहीं है,अपेक्षित अंक की प्रतिशतता प्राप्त करने के लिए कुल ग्रेड पोइन्ट को 10 से गुणा किया जाएगा।

## ग) अनुभव

i) **केवल उपर्युक्त मद ' I ' में निर्धारित योग्यता उत्तीर्ण होने के बाद प्राप्त किए अनुभव पर ही विचार किया जाएगा। अनुभव के पूर्व योग्यता की अवधि दि 03 दिसंबर 2020 से गिना जाएगा।**

ii) शिक्षु अधिनियम 1961 के अधीन संगत ट्रेड में शिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि को अनुभव के रूप में माना जाएगा। कोई प्रदत्त प्रशिक्षण को भी अनुभव माना जाएगा।

iii) **केवल कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन पंजीकृत कंपनियों या विदेशी कंपनियों से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्र मिलने पर ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने केलिए सूचीबद्ध करने हेतु विचार किया जाएगा।**

iv) आवेदक जो वर्तमान रूप में किसी कंपनी (निजी/ सार्वजनिक/ सरकारी) में काम कर रहे हैं, वे अनुभव प्रमाणपत्र के अभाव में, कंपनी द्वारा जारी **नियुक्ति/ नियुक्ति प्रस्ताव पत्र की प्रति, कार्य अनुभव के सबूत के रूप में हाल के वेतन पर्ची / अंतिम वेतन पर्ची की प्रति प्रस्तुत करना चाहिए। पिछले रोज़गार केलिए, कार्यभार ग्रहण करने और कार्यमुक्ति की तिथि को सूचित करते हुए अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।** प्रमाणपत्र सत्यापन के समय, उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन में बताए अनुभव को स्थापित करने केलिए सभी मूल प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत किया जाना है, असफल होने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी और आगे के चयन केलिए विचार नहीं किया जाएगा ।

v) भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से जुडे उम्मीदवार के मामले में, उन्हें सशस्त्र बल से कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/ बुक/ पेशन भुगतान आदेश की प्रतिलिपि प्रस्तुत करना है। जिन भूतपूर्व सैनिकों ने अपने कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र/बुक में डिग्री अनुलेखित किया है, उन्हें सशस्त्र बलों में संबंधित ट्रेड में काम करने का अनुभव होना चाहिए। डिग्री के समतुल्यता दावा करनेवाले भूतपूर्व सैनिकों को समतुल्यता प्रमाणपत्र या प्राधिकार (भारत सरकार द्वारा जारी आदेश का संदर्भ लें) के साथ कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र में उसी का पृष्ठांकन प्रस्तुत करना है, अनुभव के प्रमाण के रूप में, सशस्त्र बलों में संगत शाखा में योग्यता और कार्य अनुभव सूचित करने संबंधित प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत करना चाहिए, इसे प्रमाणपत्र सत्यापन के समय प्रस्तुत करना है । उन्हें संबंधित अधिकारियों से अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना है, जिसके प्रस्तुत करने में चूक होने पर उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

vi) शिपयार्ड या इंजीनियरिंग कंपनियों के ठेकेदारों (मालिकाना फर्मों और साझेदारी फर्मों) से प्राप्त कार्य अनुभव, ठेकेदार द्वारा जारी प्रमाणपत्र पर मुख्य नियोक्ता के पृष्ठांकन के आधार पर विचार किया जाएगा। ऐसे आवदेकों को अनुभव प्रमाणपत्रों के साथ ईएसआई/ ईपीएफ ब्यौरा जैसे प्रमाण अपलॉड करने की आवश्यकता है। मुख्य नियोक्ता के पृष्ठांकन के बिना ठेकेदारों द्वारा जारी प्रशिक्षण के प्रमाणपत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

vii) ***आवेदक जो इस रिक्ति अधिसूचना की तारीख के अनुसार सीएसएल के रोल पर अनुबंध के अंतिम वर्ष में हैं, वे भी अन्य सभी अधिसूचित आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु आवेदन करने के पात्र हैं। जो लोग अनुबंध के पहले और दूसरे वर्ष में हैं, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।***

## घ) आवेदन शुल्क :

i) **ऑनलाइन भुगतान विकल्प (डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग) का प्रयोग करते हुए 400/- रुपए (नावापसी, बैंक चार्ज सहित) का आवेदन शुल्क दिनांक 19 नवंबर 2020 से 03 दिसंबर 2020 तक** ऑनलाइन आवेदन सुविधा के माध्यम से प्रेषित किया जाना चाहिए । **भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

ii) **अ जा/ अ ज जा/बैंचमार्क दिव्यांगजन व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) से जुडे उम्मीदवारों केलिए कोई आवेदन शुल्क नहीं हैं। उन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई हैं।**

iii) सभी आवेदक जिन्हें आवेदन शुल्क लागू है, अर्थात् अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी को छोडकर, उपर्युक्त खंड घ (i) में निर्धारितानुसार भुगतान करना चाहिए। **यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि केवल आवेदन शुल्क की रसीद पर ही उम्मीदवारी विचार की जाएगी ।**

ङ) **आवेदन कैसे करें :**

i) ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व **आवेदक हमारे वेबसाइट** www.cochinshipyard.com **(कैरियर पृष्ठ) में दिए यूज़र मैनुवल और एफएक्यू पढना चाहिए।** आवेदन में दो चरण है- **एक बार पंजीकरण और लागू पद केलिए आवेदन प्रस्तुत करना।** उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन न प्रस्तुत करें। एक बार प्रस्तुत किया आवेदन अंतिम होगा।

ii) आवेदक, जो अधिसूचित अपेक्षाएं पूरा करते हैं, वे **एसएपी ऑनलाइन पोर्टल में एक बार पंजीकरण और आवेदन प्रस्तुत करना है**। हमारे वेबसाइट www.cochinshipyard.com (कैरियर पृष्ठ) में ऑनलाइन के ज़रिए **दिनांक 19 नवंबर 2020 से 03 दिसंबर 2020 तक** आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध होगी। **सीधे या अन्य किसी प्रकार में प्रस्तुत आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा**।

iii) **ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के सबूत में सभी प्रमाणपत्र और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में अपलॉड करने केलिए सिस्टम में तैयार रखना चाहिए ।**

iv) आवेदक यह सुनिश्चित करें कि आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण के सभी प्रमाणपत्रों और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम प्रस्तुति के पहले अपलॉड किया है, यदि असफल हो जाए तो, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और रद्द की जाएगी।

v) आवेदक यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रविष्टियाँ सही रूप में भरा गया है और आवेदन सफल रूप से प्रस्तुत किया गया है। किसी भी भाग में बेकार विवरणों को प्रस्तुत करना आपका आवेदन अस्वीकार करने का कारण बन सकता है।

vi) विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए । कृपया ध्यान दें कि अपूर्ण आवेदन/वापस किए आवेदन/ मसौदा स्थिति के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा । आवेदन के सफल जमा करने पर, आवेदन की स्थिति "प्रगति में" (इन प्रोसस) के रूप में दिखाई जाएगी । आवेदन की प्रस्तुति के बाद, उम्मीदवार "माई ऐप्लिकेशन्स" लॉग इन करें और प्रक्रिया की पूर्ति सुनिश्चित करने केलिए यह सुनिश्चित करें कि आवेदन की स्थिति "प्रगति में" (इन प्रोसस) है । आवेदन की सफल पूर्ति या आवेदन वापस लेने के बाद शुल्क के किसी भी वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा ।

vii) **ऑनलाइन के जरिए आवेदन करने के बाद, आवेदक अपने संदर्भ केलिए सिस्टम द्वारा प्रजनित एकमात्र पंजीकरण संख्या के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का एक सॉफ्ट कॉपी/ प्रिंटआउट लें। इस पर ध्यान देना**

**महत्वपूर्ण है कि ऑनलाइन आवेदन सफल रूप में प्रस्तुत करने पर ही एकमात्र पंजीकरण संख्या प्राप्त किया जाएगा ।** ऑनलाइन आवेदन के पंजीकृत संख्या को सीएसएल के साथ पत्राचार के समय दिखाना चाहिए।

viii) **आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति/ प्रमाणपत्र/डीडी/चालान/चेक के रूप में आवेदन शुल्क आदि डाक द्वारा कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को अग्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है ।**

ix) एसएपी ऑनलाइन आवेदन सुविधा के ज़रिए आवेदन देने केलिए, वेबसाइट **दिनांक** 19 **नवंबर** 2020 **से** 03 **दिसंबर** 2020 **तक** प्रकार्यात्मक रहेगा। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 03 **दिसंबर** 2020 है। अंतिम तिथि पर वेबसाइट में भारी भीड़ दूर करने केलिए, जो आवेदन की गैर - प्रस्तुति केलिए कारण हो सकता है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सीएसएल वेबसाइट में लॉग इन करें और अंतिम तिथि से पहले ही आवेदनों को प्रस्तुत करें। ***आवेदन की अंतिम तिथि पर आवेदन करने वालों को 1700 बजे के बाद एसएपी आवेदन पोर्टल में कोई समस्या निवारण सहायता / तकनीकी सहायता नहीं मिल सकती है।***

**च) सामान्य:**

i) **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि सभी पदों केलिए रिक्ति अधिसूचना के अनुसार योग्यता अपेक्षाएँ रखते हैं।**

ii) भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा :- भूतपूर्व सैनिक वह व्यक्ति है

(क) जिसने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में नियमित या गैर योद्धा के रूप में किसी भी रैंक में सेवा की है, और

(i) जो या तो सेवानिवृत्त हो गया है या इस तरह की सेवा से अपने स्वयं के अनुरोध पर या नियोक्ता द्वारा अपनी पेंशन अर्जित करने के बाद कार्य मुक्त या सेवा मुक्त राहत हो गया हो; या

(ii) जो अपने नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थिति के कारण चिकित्सा आधार पर ऐसी सेवा से मुक्त हो गया है और उसे चिकित्सा या अन्य विकलांगता पेंशन से सम्मानित किया गया है; या

(iii) जो स्थापना में कमी के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है;

(ख) जो कार्य की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद ऐसी सेवा से मुक्त कर दिया गया है, अन्यथा उसके अनुरोध पर, या बर्खास्तगी के माध्यम से, या कदाचार या अक्षमता के कारण निर्वहन किया गया है और उसे उपदान दी गई है; और प्रादेशिक सेना के कर्मियों, अर्थात् निरंतर सन्निहित सेवा केलिए पेंशन धारक या अर्हकारी सेवा की खंडित अवधि शामिल है; या

(ग) डाक सेवा सेना के कर्मी जो नियमित सेना के हिस्सा हैं और डाक सेवा सेना से सेवानिवृत्त हैं, पेंशन के साथ अपनी मूल सेवा से परावर्तन के बिना डाक सेवा सेना से मुक्त कर दिए गए है या उनके नियंत्रण से परे सैन्य सेवा या परिस्थितियों के कारण या बढे हुए चिकित्सा आधार पर सेना के डाक सेवा सेना से मुक्त किए जाते हैं या अन्य विकलांगता पेंशन से सम्मानित किया गया हो; /या

(घ) कार्मिकों, जो दिनांक 14 अप्रैल, 1987 से पहले छह महीने से अधिक समय तक डाक सेवा सेना में प्रतिनियुक्ति पर थे; या

(ङ) प्रादेशिक सेना के कर्मियों सहित सशस्त्र बलों के वीरता पुरस्कार विजेताओं; या

(च) पूर्व सैनिक जो चिकित्सा के आधार पर भर्ती या मुक्त किए गए हो और चिकित्सा विकलांगता पेंशन प्राप्त हो।

iii) शिपयार्ड को उनके आवेदन प्रपत्र में सूचितानुसार शैक्षिक योग्यता/अनुभव/अन्य अधिसूचित योग्यता अपेक्षाओं के सबूत में उम्मीदवारों से अन्य कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ी सबूत मांगने का अधिकार है, और ऐसे प्रश्नों की सूचना एवं उत्तर ई-मेल career@cochinshipyard.com द्वारा होना चाहिए । फिर भी, कोचीन शिपयार्ड निर्धारित तिथि एवं समय पर ऐसे ई-मेलों की किसी देरी/ गैर-प्राप्ति केलिए उत्तरदायी नहीं होगा । ऐसे प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने पर, उस पर विचार नहीं किया जाएगा, और आगे कोई पत्राचार इस संबंध में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा।

iv) **वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए चुने गए आवेदकों की उम्मीदवारी पूर्ण रूप से अस्थायी है, जो कार्यभार ग्रहण करते समय, आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण में मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन है । यदि उम्मीदवार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं या मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल पाए जाते हैं, तो उम्मीदवार को चयन केलिए नहीं माना जाएगा और बिना किसी सूचना के उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकार कर दी जाएगी ।**

v) **बुलावा पत्रों को डाक द्वारा लघसूचीगत उम्मीदवारों को नहीं भेज दिया जाएगा।** उन्हें ईमेल/ एसएमएस/सीएसएल वेबसाइट www.cochinshipyard.com द्वारा बुलावा पत्र डाउनलॉड करने केलिए सूचित किया जाएगा। चयन की अनुसूची एसएमएस/ ईमेल/ सीएसएल वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) के माध्यम से लघुसूचीगत आवेदकों को सूचित की जाएगी।

vi) उम्मीदवार को चयन में भाग लेने हेतु यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता नहीं दी जाएगी।

vii) केवल ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति और वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए प्रवेश पत्र जारी करना उम्मीदवार को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं देगा या पात्रता मानदंड पूरा करने की अभिस्वीकृति के रूप में अनुमान नहीं किया जा सकेगा।

viii) रिक्तियां पूर्ण रूप से एक निर्दिष्ट अवधि केलिए अनुबंध आधार पर हैं और ठेके की अवधि के दौरान या समाप्ति के बाद में चयनित उम्मीदवार को रोज़गार देने हेतु शिपयार्ड उत्तरदायी नहीं होगा।

ix) उम्मीदवार को कंपनी द्वारा निर्धारितानुसार चिकित्सा योग्यता मानकों को पूरा करना है और अच्छा स्वास्थ्य रखना चाहिए। चयनित आवेदकों को अपने खर्च में कंपनी द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा परीक्षा में जाना होगा और सभी उम्मीदवारों की चिकित्सा योग्यता आगे सीएसएल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित करने के अधीन है।

x) अपात्रता के मामले में उम्मीदवारी के निरसन के संबन्ध में पत्राचार पर नहीं विचार किया जाएगा।

xi) प्रतीक्षा सूची सभी विषयों हेतु बनाए रखा जाएगा और इसमें शामिल होने की तिथि भीतर रैंक सूची से कोई उम्मीदवार के शामिल न होने के कारण होनेवाली रिक्तता की स्थिति में संचालित की जाएगी जैसा कि उम्मीदवार को जारी किए गए नियुक्ति के प्रस्ताव में निर्धारित किया गया है या जहाँ एक उम्मीदवार पद से जुड जाता है और सीएसएल में शामिल होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति की मृत्यु होने या पद से इस्तीफा दे देता है। प्रतीक्षा सूची की वैधता, अवधि, परिणाम के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष तक या नियुक्ति की तिथि से उम्मीदवारों को जारी किए गए नियुक्ति प्रस्ताव में निर्धारित, जो भी पहले हो, जब तक कि उस पद केलिए नई अधिसूचना जारी नहीं की जाती है। ऊपर बताई गई रिक्ति को एक ताजा रिक्ति के रूप में नहीं माना और इस अधिसूचना के सामने भरे गए पदों की वास्तविक संख्या किसी भी परिस्थिति में इस अधिसूचना में इंगित रिक्तियों की संख्या से अधिक नहीं होगी।

xii) उपरोक्त या किसी अन्य शर्तों के बावजूद कोचीन शिपयार्ड को अधिसूचित रिक्तियां न भरने का भी अधिकार होगा। इसके अलावा अधिसूचित रिक्तियों को भरने हेतु रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन किया जाएगा। कोचीन शिपयार्ड को यदि अपेक्षित है तो, सूचना के बिना अथवा उसके लिए कोई भी कारण नियत किए बिना भर्ती प्रक्रियाएं सीमित करने / बदलने/ रद्द करने / परिवर्तन करने का अधिकार है।

xiii) यदि किसी स्थिति में, कोई सूचित कार्य असत्य/ गलत पाया गया या उम्मीदवार योग्यता अपेक्षाओं को पूरा न करते हैं तो, बिना सूचना के उम्मीदवारी / नियुक्ति, रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी ।

xiv) इस चयन से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को परिणाम के प्रकाशन की तारीख से दो साल की अवधि केलिए संरक्षित किया जाएगा।

xv) इस विज्ञापन से व्युत्पन्न किसी दावा अथवा विवाद के संबन्ध में किसी वैध कार्रवाई और/अथवा इस संबन्ध में आवेदन केवल एर्णाकुलम में अधिकार क्षेत्र होने वाले न्यायालय/ट्रिब्यूनल/मंच में संस्थापित कर सकता है और ऐसे न्यायालय व प्राधिकरण को एकमात्र तथा विशिष्ट अधिकार क्षेत्र होगा।

xvi) विज्ञापन में कोई आशोधन, संशोधन अथवा परिवर्तन केवल सीएसएल वेबसाइट में ही दी जाएगी।

xvii) अन्य कोई पूछताछ केलिए, कृपया ई-मेल career@cochinshipyard.com के ज़रिए संपर्क करें।

## VII. महत्वपूर्ण तिथियाँ:

**ऑनलाइन आवेदन का प्रारंभ : 19 नवंबर 2020**
**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 03 दिसंबर 2020**

**"किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी।"**
**"केवल भारतवासी ही आवेदन करें ।"**

ह/-
**मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. व प्रशि.)**